आज मेरे घर आये बाबा

रात है कीर्तन की रात है.....

आज मेरे घर आये बाबा, खुशियों वाली रात है,
कीर्तन की रात है बाबा जी साथ है......

श्याम सुनेंगे तेरे दिल की दुनिया काम ना आएगी,
दुनिया से जो कहेगा मन की तेरी हंसी उड़ाएगी,
आज बतादे बाबा को तू जो तेरे हालात हैं,
कीर्तन की रात है बाबा जी साथ है.....

कितने तेरे यारे प्यारे कितना बड़ा परिवार तेरा,
काम श्याम ही आएंगे देख के बाबा प्यार तेरा,
दूर नहीं हैं बाबा तुझसे हरदम तेरे पास हैं,
कीर्तन की रात है बाबा जी साथ है.....

आज श्याम के दर्शन करने भक्त अनेको आएं हैं,
भोली भक्तों के संग मिलकर भजन रसीले गाये है,
शीश झुका लो श्रद्धा से तुम ये दीनो के नाथ हैं,
कीर्तन की रात है बाबा जी साथ है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29934/title/aaj-mere-ghar-aaye-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |